जबसे तेरी लागी लगन || by Rahul Sharma (Palam Wale)

जबसे तेरी लागे लगन दीवाना हो गया
ऐ श्याम तेरी ज्योत का परवाना हो गया

मुश्किल बड़ी आई थी प्रभु तुमसे मिलने में
पर अब इतना सुख मिल गया मस्ताना हो गया
ऐ श्याम तेरी ज्योत का परवाना हो गया
जबसे तेरी लागे लगन.....

मैं ही नहीं जाने कितने दर तेरे आये
कोड़ी नहीं थी पास अब खज़ाना हो गया
ऐ श्याम तेरी ज्योत का परवाना हो गया
जबसे तेरी लागे लगन.....

दु:ख भी यदि आएंगे कभी जीवन में मेरे
समझूंगा तुमसे मिलने का बहाना हो गया
ऐ श्याम तेरी ज्योत का परवाना हो गया
जबसे तेरी लागे लगन.....

जीवन की डोर कर दी है तेरे हवाले
तेरी चौखट पर श्याम का ठिकाना हो गया
ऐ श्याम तेरी ज्योत का परवाना हो गया
जबसे तेरी लागे लगन.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%a8-by-rahul-sharma-palam-wale/